## चयन समिति कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

### //दावा आपत्ति निराकरण की सूचना//

दिनांक 21.01.2025 को परिवार न्यायालय बलौदाबाजार के **भृत्य** पद की भर्ती के दावा आपत्ति करने की अंतिम तिथि समय 05 बजे निर्धारित की गयी था जिसमें कार्यालयीन वेब साईट में कुल तीन दावा आपत्ति प्राप्त हुए है जो निम्नानुसार हैः–

(1) अन्नपूर्णा निर्मलकर, रोल नंबर FCP 122 yadavroshnee28@gmail.com

(2) विकास देवांगन FCP 142 vdewangan57@gmail.com

(3) ddrs4357@gmail.com

**(i)** आपत्तिकर्ता अन्नपूर्णा निर्मलकर, रोल नंबर FCP 122 एवं विकास देवांगन FCP 142 तथा एक अन्य के द्वारा प्रश्न क्रमांक 18 के उत्तर में आपत्ति की गयी है कि जारी मॉडल उत्तर के उक्त प्रश्न का उत्तर (B) खेनवा दिया गया है। वह गलत है क्योंकि खेनवा भी छत्तीसगढ़ की महिला नाक में पहनती है।

आपत्तिकर्ता अन्नपूर्णा निर्मलकर, रोल नंबर FCP 122 के द्वारा उक्त प्रश्न के उत्तर के समर्थन में छत्तीसगढ़ विशिष्ट अध्ययन Valume 01 को संदर्भित करते हुए अपने आपत्ति के समर्थन में पेश किया गया है जिससे दर्शित है कि छत्तीसगढ़ के प्रमुख आभूषण में **खेनवा** छत्तीसगढ़ की महिलाएं आभूषण के रूप में नाक में पहनती है।

**18 छत्तीसगढ में नाक का पारंपरिक आभूषण नहीं है–**

(a) बुलाक
(b) खेनवा
(c) फूली
(d) लवंग

समिति के द्वारा प्रश्न के जो विकल्प दिये गये है वे सभी गलत होना दर्शित हो रहा है क्योंकि सभी आभूषण नाक में ही पहने जाते हैं।

अतः प्रस्तुत दावा आपत्ति स्वीकार किए जाने योग्य है। चूंकि प्रश्न क्रमांक 18 का चारों विकल्प गलत है। अतः इस प्रश्न को विलोपित किया जाकर कुल 24 प्रश्नों पर मुल्यांकन किये जाने का निर्णय समिति के द्वारा लिया गया ।

22/01/2025

**(ii)** आपत्तिकर्ता– विकास देवांगन, रोल नंबर– FCP 142 के द्वारा अन्य **प्रश्न क्रमांक 05, 09, 11** के संदर्भ में आपत्ति प्रस्तुत की गयी है।

प्रश्न क्रमांक 05 के संदर्भ में इस परीक्षार्थी की आपत्ति है कि डिटरजेंट में बाइकार्बोनेट आयन पाये जाते है अतः उत्तर ''अ'' होना चाहिए।

उक्त संदर्भ के लिए यहाँ प्रश्न का उल्लेख करना आवश्यक है जो **प्रश्न क्रमांक 05** निम्नानुसार है:–

**05. कपड़ों तथा बर्तनों को साफ करने के लिए प्रयुक्त डिटरजेंट में क्या होता है?**

(a) बाइकार्बोनेट
(b) **सल्फोनेट**
(c) नाइट्रेट
(d) बिस्मथेट

परीक्षार्थी के द्वारा उक्त प्रश्न के उत्तर अ होने के संदर्भ में कोई स्त्रोत प्रस्तुत नहीं किया गया है। चयन समिति के द्वारा उक्त प्रश्न के उत्तर के संबंध में स्त्रोत प्रस्तुत किया गया है जिससे दर्शित होता है कि कपड़ों तथा बर्तनों को साफ करने के लिए प्रयुक्त डिटरजेंट में **सल्फोनेट** होता है । अतः दावाकर्ता की उक्त आपत्ति निरस्त किये जाने योग्य होने से निरस्त किया जाता है।

दावाकर्ता के द्वारा **प्रश्न क्रमांक 09** के संबंध में भी आपत्ति की गयी है। यहां प्रश्न क्रमांक 09 का उल्लेख करना आवश्यक है जो निम्नानुसार है :–

**09. सब्जियों में मुख्यतः हमें प्राप्त होता है ?**

(a) वसा
(b) कार्बोहाइड्रेट
(c) प्रोटीन
**(d) विटामिन्स**

दावाकर्ता के द्वारा यह आपत्ति की गयी है कि सब्जी में प्रोटीन और विटामिन्स दोनों होते है। अतः उत्तर **स एवं द** दोनों होगा। चयन समिति के द्वारा जो प्रश्न परीक्षार्थियों को दी गयी थी उसमें ''मुख्यतः'' का उल्लेख किया है। चयन समिति के स्त्रोत के अनुसार उत्तर विटामिन्स दिया गया है। अतः दावाकर्ता की आपत्ति निरस्त की जाती है।

दावाकर्ता के द्वारा प्रश्न क्रमांक–11 के संदर्भ में भी आपत्ति की गयी है।

प्रश्न क्रमांक–11 निम्नानुसार है :–

**11. ओलिंपिक चिन्ह का क्या अर्थ है ?**

(a) खेलने की ललक
(b) चैलेन्ज
**(c) निरंतरता**
(d) अखंडता

दावाकर्ता के द्वारा आपत्ति की गयी है कि उल्लेख चिंन्ह में पांच रिंग पाये जाते है यह विश्व के पांचों महाद्वीपों को दिखाता हैं जिसका अर्थ अखंडता होता है।

अतः उत्तर "द" होना चाहिए।

आपत्तिकर्ता के द्वारा कोई स्त्रोत अपने आपत्ति के समर्थन में पेश नहीं किया है। चयन समिति के द्वारा उक्त प्रश्न पर स्त्रोत GK TODAY.in से बताते हुए उत्तर निरंतरता बताया गया है। अतः प्रस्तुत प्रश्न में दावा भी निरस्त किये जाने योग्य होने के कारण निरस्त किया जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सदस्य<br>चयन समिति<br>कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश<br>बलौदाबाजार (छ.ग.) | सदस्य<br>चयन समिति<br>कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश<br>बलौदाबाजार (छ.ग.) | सदस्य<br>चयन समिति<br>कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश<br>बलौदाबाजार (छ.ग.) | अध्यक्ष<br>चयन समिति<br>कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश<br>बलौदाबाजार (छ.ग.) |